# प्रेस नोट दिनांक 20.09.2026  जनपद फतेहपुर

**थाना हुसैनगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम असनी में हुई हत्या की घटना से सम्बन्धित ₹25,000/- के पुरस्कार घोषित अभियुक्त ने माननीय न्यायालय के समक्ष किया आत्मसमर्पण।**

थाना हुसैनगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम असनी में घटित हत्या की घटना के सम्बन्ध में थाना हुसैनगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 216/2026 में वांछित एवं ₹25,000/- के पुरस्कार घोषित अभियुक्त आशुतोष त्रिपाठी पुत्र रजनीश त्रिपाठी, निवासी ग्राम खेरवा मजरे आलमपुर नरही, थाना हुसैनगंज, जनपद फतेहपुर द्वारा दिनांक 14.09.2026 को माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया था। माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त की जमानत स्वीकृत की गई।

आज दिनांक 20.09.2026 को अभियुक्त थाना हुसैनगंज पर उपस्थित हुआ। प्रकरण की विवेचना के क्रम में अभियुक्त का विस्तृत बयान अंकित करते हुए उसे धारा 35(3) बीएनएसएस के अन्तर्गत नोटिस तामील कराया गया।

प्रकरण में साक्ष्य संकलन सहित अन्य विवेचनात्मक कार्रवाई प्रचलित है। उपलब्ध साक्ष्यों एवं विवेचना के निष्कर्षों के आधार पर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।